## खबर संक्षेप



### गुरूर जनपद की समितियों के सभापतियों का हुआ चुनाव

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर मे विभिन्न समितियो के सभापतियो का चुनाव किया गया। जिसमे जनपद पंचायत गुरूर के महिला बाल विकास विभाग के सभापति संध्या अजेंद्र साहू, वन समिति सभापति हेमंत साहू, कृषि स्थायी समिति सभापति नरेश साहू, सहकारिता स्थायी समिति सभापति दिनेश्वरी सिन्हा, संचार संकर्म समिति सभापति हरि कृष्ण गंजीर, स्वक्षता समिति सभापति तारा देवी यादव, राजस्व एवं बाढ़ आपदा लता लक्ष्मीचंद साहू को चुना गया।

### रेंगाडबरी के प्रधानपाठक को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक उत्तम प्रसाद चतुर्वेदी जी 62 वर्ष गौरवमयी शिक्षकीय सेवा यात्रा के पश्चात सेवानिवृत हो जाने के पश्चात 26 अप्रैल दिन शनिवार को भावपूर्ण बिदाई व सम्मान समारोह रखा गया है। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि इस विदाई सम्मान समारोह में पूर्व विद्यार्थी, गणमान्य नागरिक एवं स्कूल के स्टाफ उपस्थित रहेंगे।

### पंच ने वादा किया पूरा, 21 सौ की सहायता राशि दी

**लाटाबोड़।** ग्राम कोहगाटोला में नव दंपत्य जोड़ा गरिमा साहू पिता सत्रुघंन साहू माता इंदु साहू को वार्ड क्रमांक 10 के नवनिर्वाचित पंच पालसिंह साहू के द्वारा 2100 रूपए की सहायता राशि दी गयी जो वार्ड पंच पाल सिंह साहू के द्वारा पंच बनने से पहले चुनावी वादा किया था अपने वार्ड के लोगो के लड़कियों के शादी मे 2100 रूपए देने का वादा किया गया था ।

### आचार, पापड़ और मसाला प्रशिक्षण आवेदन 3 तक

**बालोद।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) बालोद में आचार, पापड़ और मसाला आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें स्वरोजगार हेतु हितग्राही 03 मई तक आवेदन कर सकते हैं। बड़ौदा आरसेटी बालोद के निदेशक बहल सिंह चुरेन्द्र ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में आचार, पापड़ और मसाला आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आचार, पापड़ और मसाला निर्माण की जानकारी के साथ–साथ उद्यमिता संबंधी जानकारी भी प्रदान की जाएगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित हैं। इस प्रशिक्षण में उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष आयु के ग्रामीण महिला एवं पुरुष आवेदन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा से युक्त है। प्रशिक्षण हेतु 35 सीटे आरक्षित है। उन्होंने बताया कि आवेदक राशन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, पासपोर्ट फोटों, आधार कार्ड एवं मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकापी के साथ जिला अग्रणी बैंक कार्यालय नाहटा कॉम्प्लेक्स मधु चौक बालोद में उपस्थित हो सकते हैं।

### पानी टंकी की सुधार कार्य के बाद ग्रामवासियों को मिल रहा शुद्ध पेयजल

**बरबसपुर।** विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनछपरा में पानी टंकी एक हफ्ते बंद पड़ा था, जिससे ग्रामवासियों को पेयजल के लिए भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना व पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

---

**जायजा**

**अस्पताल में समुचित मात्रा में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की अधिकारियों को निर्देशित किया**

# जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर कलेक्टर ने कार्यप्रणाली और संसाधनों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले में जिलाधीश के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के तीसरे दिन आज जिले के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल जिला चिकित्सालय बालोद का निरीक्षण कर अस्पताल के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय परिसर तथा विभिन्न कक्षों एवं वार्डों का निरीक्षण कर अस्पताल में अधोसंरचना, उपलब्ध संसाधनों, मरीजों की इलाज की व्यवस्था एवं उन्हें मिलने वाली सुविधा के अलावा अस्पताल के कार्यप्रणाली को पड़ताल किया। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था को बेहतर बनाकर आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की विशेष प्राथमिकता में शामिल है।

इसी कड़ी में उन्होंने शासकीय कार्यालयों एवं कार्यों के निरीक्षण का आगाज आज जिला चिकित्सालय बालोद के निरीक्षण के माध्यम से किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा अन्य मानवीय संसाधनों तथा अन्य जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शीघ्र मांग पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा अस्पताल अधीक्षक को जिला चिकित्सालय बालोद के व्यवस्था को बेहतर बनाकर आम जनता को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा उन्होंने मौजूदा ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर अस्पताल में भतएँ मरीजों एवं उनके परिजनों को पानी की कमी की समस्या का सामना





न करना पड़े इसके लिए अस्पताल में समुचित मात्र में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की शीघ्र व्यवस्था करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित 100 बिस्तर वाले मातृ शिशु अस्पताल का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में साफ–सफाई की व्यवस्था के अवलोकन के अलावा स्त्री रोग विशेषज्ञ कक्ष, प्रसुति एवं ऑपरेशन कक्ष सहित अस्पताल के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। कलेक्टर मिश्रा ने अस्पताल के विशेष नवजात देखभाल इकाई में पहुँचकर वहाँ भतएँ नवजात शिशुओं के इलाज की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने वहाँ पर उपस्थित चिकित्सकों को नवजात बच्चों के बेहतर से बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्र्देश भी दिए। मिश्रा ने अस्पताल में स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र में पहुँचकर वहाँ भतएँ नन्हें–मुन्हें बच्चों एवं उनके माताओं से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को अस्पताल में भतएँ मरीजों बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सभी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।



## पंजीयन और सहायता केंद्रों का निरीक्षण किया

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने सर्वप्रथम जिला चिकित्सालय में स्थित पुलिस सहायता केन्द्र, वाटर एटीएम, पंजीयन कक्ष आदि का अवलोकन कर वहाँ उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने पंजीयन कक्ष में पहुँचकर प्रतिदिन काटे जाने वाले ओपीडी एवं आईपीडी पचएँ के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पुरूष चिकित्सक, सर्जरी, ओपीडी सर्जन कक्ष एवं आपातकालीन कक्ष का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शौचालयों का भी निरीक्षण किया और शौचालयों की नियमित साफ–सफाई तथा पानी की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भतएँ मरीजों से बातचीत कर उनकी इलाज की व्यवस्था उन्हें मिलने वाली सुविधाओं तथा उनके सेहत में हो रहे सुधार आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने वयोवृद्ध महिला एवं पुरूष वार्ड तथा महिला मेडिकल वार्ड, बर्न यूनिट, पेईंग वार्ड आदि में पहुँचकर वहाँ भतएँ मरीजों से बातचीत कर उनका कुशलक्षेम पुछा। इस दौरान मिश्रा ने बर्न यूनिट में भतएँ नन्हा बालक आयुष्मान एवं आर्थो वार्ड में भतएँ नैतिक से आत्मीय बातचीत कर उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा के मधुर एवं आत्मीय व्यवहार से अस्पताल में भतएँ मरीज एवं परिजन बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे।

---

**गांव में उत्साह का महौल, शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ**

# गुंडरदेही के सुशासन तिहार में निशुल्क 1479 जॉब कार्ड बनाने का काम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

ग्रामीणों को रोजगार का जरिया मिला। सुशासन तिहार में निःशुल्क जॉब कार्ड जारी हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का लाभार्थियों ने आभार व्यक्त किया। प्रदेशभर में मनाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत जिला बालोद के गुण्डरदेही विकासखण्ड में ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत गुण्डरदेही अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में 1479 ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत निःशुल्क जॉब कार्ड बनाये जा रहे है।

गौरतलब है कि ग्रामवासियों ने समाधान पेटी में आवेदन डालकर रोजगार हेतु जॉब



कार्ड की मांग की थी। जिला प्रशासन द्वारा इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की गई और मौके पर जाकर उन्हें जॉब कार्ड प्रदान किए गए। इस पहल से अब इन ग्रामीणों को सरकारी मजदूरी कार्यों में रोजगार प्राप्त हो सकेगा। लाभार्थियों ने कहा कि इतने कम समय में उनके आवेदन का समाधान हो जाएगा वह सोचे नहीं थे, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का सुशासन तिहार ने उनके जीवन में खुशियां लाई है, इसके लिए बहुत आभारी हैं। ग्रामीणों में प्रशासन की इस तत्परता से उत्साह का माहौल है और सरकार–शासन–प्रशासन के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णु देव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार के तहत जिले के हर ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदनों की जांच कर निराकरण किया जा रहा है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी शिकायतों और मांगों का शीघ्र समाधान करें और आवेदकों को जानकारी भी दें। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम वास्तव में जनता की बात सुनने और उसे हल करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

---

# पीएम आवास के लिए 240 हितग्राही पंजीकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम विनायकपुर में जोरों से चल रहा है प्रधानमंत्री आवास पंजीयन दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम पंचायत विनायकपुर में प्रधानमंत्री आवास के लिए छुटे हुए हितग्राहियों पंजीयन जारी है आज दिनांक तक 240 हितग्राहियों से ज्यादा मोबाइल लिंक द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है घर-घर जाकर आवास पंजीयन में लगे ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार क्षेत्र के जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर रोजगार सहायक सविता ठाकुर कंप्यूटर ऑपरेटर सुमंत देवांगन के द्वारा घर-घर जाकर पंजीयन चल रहा है आज इतवारी सतनामी प्रमिला देशमुख रेनू मारकंडे सुनीता देवांगन रूपा बाई देवांगन पूजा देशमुख सहित बहुत सारे हितग्राहियों का पंजीयन चल रहा है 30 तारीख तक शत प्रतिशत पंजीयन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है आवास के लिए ग्राम के हितग्राहियों का भरपूर समर्थन जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों को मिल रहा है सरपंच ने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही आवास पंजीयन में ना छूटे इसलिए सभी वार्डों में सर्वे करवाया जा रहा है क्षेत्र के जनपद सदस्य ने भी कहा की सभी हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे कोई भी हितग्राही शासन की योजना का लाभ ले सकता है इसलिए सभी जनता से अनुरोध है कि सर्वे में लगे सभी सदस्यों का सहयोग करें।

---



# मोर दुआर साय सरकारके तहत अर्जुनी का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

भारतीय जनता पार्टी मण्डल ओटेबन्द शक्ति केन्द्र सिरसिदा के अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में विष्णु देव साय की आहवान पर मोर दुआर साय सरकार अभियान शुरू किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आवास प्लस 2.0 में पात्र हितग्राहीयो को शामिल करना है। मण्डल महामंत्री थानसिंह मंडावी एवं जनपद सदस्य गुलशन कुमार साहू ने बताया कि ग्राम के विभिन्न हितग्राही हेमीन बाई साहू एवं मूलचंद साहू के घर जाकर सर्वे का कार्य किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप हर कच्चे मकान वाले को पक्का मकान दिया जाना है, हमारी सरकार की प्रयास है कि इस महत्व पूर्ण योजना का लाभ अंतिम से अंतिम व्यक्ति को मिले। इस अवसर पर महामंत्री थानसिंह मंडावी, जनपद सदस्य गुलशन कुमार साहू, पूर्व उपसरपंच भरत साहू, हितग्राही हेमीन बाई साहू, एचआर. मंडावी, टीका राम साहू, रोजगार सहायक तुलसी राम सिन्हा, कंप्यूटर आपरेटर अमित साहू उपस्थित थे।

---

# किताबों के अध्ययन और समझ से विवेक जागृत होता है : डॉ. दसपुत्रे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

■ शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के ग्रंथालय विभाग द्वारा विश्व पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल पुस्तकों की महत्ता को रेखांकित करने एवं पठन संस्कृति को पुनजएँवित करने के उद्दे”य से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. समीर दसपुत्रे, रसायन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. अरुणा साव, ग्रंथपाल अनिल नागवंशी, समस्त प्राध्यापकगण तथा छात्र–छात्रओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता विकास साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अरुणा साव ने पुस्तकों की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ”पुस्तकें मानव सभ्यता की अमूल्य धरोहर हैं, जो न केवल ज्ञान का भंडार होती हैं, बल्कि जीवन के हर मोड़ पर दिशा देने वाली मार्गदर्शक भी होती हैं।“ उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे पठन को केवल शैक्षणिक आवश्यकता न मानें, बल्कि उसे आत्मविकास का साधन बनाएं। प्रभारी प्राचार्य डॉ. समीर दसपुत्रे ने विश्व पुस्तक दिवस 2025 की थीम रीड यूवर वे इमपावर थाव बुक को सविस्तार प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज के युग में जहाँ सूचनाओं की अधिकता है, वहीं पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान ही विवेकशीलता और स्थायित्व प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीकी यंत्रें के मोह से हटकर पुस्तकों से मित्रता करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में एमए. के छात्र दानेश्वर सिन्हा ने पुस्तकों को ”मौन संवाद का माध्यम“ बताते हुए कहा कि प्रत्येक पुस्तक में अनगिनत जीवन छिपे होते हैं, जिन्हें पढ़कर हम न केवल दूसरों को, बल्कि स्वयं को भी बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। अंत में ग्रंथपाल अनिल नागवंशी ने समस्त अतिथियों, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रंथालय एक जीवित संस्था है, जो केवल पुस्तकों का संग्रहालय नहीं, बल्कि विचारों और संस्कृति का केंद्र होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को ग्रंथालय से जुड़कर अपनी पठन–यात्र को समृद्ध बनाने का संदेश दिया।

---

# डा. आंबेडकर को कांग्रेस ने अपमानित किया

**डौंडीलोहारा।** भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला संगठन के निर्देश पर जिला भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल ने कांग्रेस का डॉ. अम्बेडकर विरोधी इतिहास के चर्चा व सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत दिनांक 23 अप्रैल को व्यवहार न्यायालय डौंडी लोहारा के अधिवक्ता कक्ष में अधिवक्ता व अन्य लोगों के बीच सम्पर्क कर बाबा साहेब अम्बेडकर जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा बाबा साहब को अपमानित करने कार्य किया गया है, कांग्रेस जो आज अम्बेडकर जी के हितैषी बनने व संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताने का बार बार प्रयास करती है इसके बारे में जायसवाल ने बताया कि, भाजपा के श्रद्धेय अटल बिहारी की सरकार द्वारा बाबा साहब को भारत रत्न की उपाधि प्रदान किया गया, माननीय नरेंद्र मोदीजी की सरकार में बाबा साहब जी के जन्म भूमि महू, लंदन में शिक्षा भूमि, नागपुर में दीक्षा भूमि, दिल्ली के उनके निर्वान भूमि व मुंबई के चैत्य भूमि को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है, 2017 में अनुसूचित जाति पर अध्ययन, अनुसंधान, विश्लेषण और नीति निर्धारण करने हेतु मोदी जी ने अम्बेडकर जी की स्मृति में अन्तर्राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की, भीम एप का शुभारम्भ किया गया, बाबा साहेब के तैल चित्र को कांग्रेस ने संसद में लगने नहीं दिया गया, कांग्रेस ने बाबा साहब को चुनाव कभी जीतने नहीं दिया, षड्यंत्र कर हराने का काम किया जबकि मोदी सरकार ने बाबा साहब के सम्मान के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किये, इस बात पर उपस्थित लोगों व अधिवक्ता प्रीतम मेश्राम अन्य अधिवक्तागणों ने इस तथ्यात्मक जानकारी का समर्थन किया व सच्चाई से अवगत होने की बात कही।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
01 जून 2025
16 जुलाई 2025
27 जुलाई 2025
16 अगस्त 2025
09 सितंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579